रेंजर्स आख्या

– डॉ. अंजू लता
प्रभारी– रेंजर्स इकाई प्रथम

– श्रीमती नीलम चौधरी
प्रभारी– रेंजर्स इकाई द्वितीय

सत्र : 2019–20

वीरांगना महारानी लक्ष्मीबाई राजकीय महिला महाविद्यालय झाँसी की रेंजर्स इकाई में वर्ष पर्यन्त विभिन्न गतिविधियां संचालित की गई जिसका विवरण इस प्रकार है –

1. दिनांक 06/09/2019 को सत्र 2019–20 के लिए महाविद्यालय की रेंजर्स इकाई का संगठन की सदस्यता हेतु नवीनीकरण कराया गया।
2. दिनांक 10/09/2019 को महाविद्यालय की रेंजर्स इकाई II नवीन इकाई का पंजीकरण कराया गया।
3. दिनांक 17/09/2019 को रेंजर्स इकाई द्वारा सेना सप्ताह के अन्तर्गत 'स्वच्छता जागरूकता एवं जल संरक्षण' पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।
4. दिनांक 19/09/2019 को रेंजर्स इकाई के तत्वावधान में जल संरक्षण, पर्यावरण जागरूकता एवं प्लास्टिक युक्त अभियान से सम्बन्धित 'जागरूकता संगोष्ठी' का आयोजन किया गया जिसमें तीन अतिथि वक्ताओं का व्याख्यान का आयोजन हुआ।
5. दिनांक 26/11/2019 को संविधान दिवस के अवसर पर सभी रेंजर्स द्वारा शपथ ग्रहण समारोह में प्रतिभागिता की गयी।
6. दिनांक 10/12/2019 से 14/12/2019 तक महाविद्यालय की रेंजर्स इकाई I एवं II का संयुक्त रूप से प्रवेश एवं निपुण के पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया।
7. दिनांक 18/01/2020 को सरकार की योजना 'पढ़े झांसी' कार्यक्रम में सभी रेंजर्स ने उत्साह पूर्वक प्रतिभाग किया।
8. दिनांक 16/11/2019 को सहायक प्रादेशिक संगठन कमीश्नर झांसी एवं चित्रकूट धाम मण्डल द्वारा आहूत रोवर्स/रेंजर्स प्रभारियों की बैठक महाविद्यालय में आयोजित की जिसमें प्रतिभागिता की।
9. दिनांक 29, 30, 31 जनवरी 2020 को बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय अन्तर महाविद्यालीय रोवर्स रेंजर्स समागम शिविर में महाविद्यालय की 16 रेंजर्स ने अपनी टीम प्रभारी के साथ प्रतिभाग किया जिसमें सभी रेंजर्स ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग किया। इस समागम शिविर में महाविद्यालय की 16 छात्राओं ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में अपनी जीत हासिल कर द्वितीय स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय का नाम गौरवान्वित किया।

सत्र : 2020–21

1. जनवरी 2021 को सत्र 2020–21 के लिए महाविद्यालय की रेंजर्स इकाई I एवं II का संगठन की सदस्यता हेतु नवीनीकरण कराया गया।
2. दिनांक 08 फरवरी 2021 से 12 फरवरी 2021 तक महाविद्यालय में रेंजर्स इकाई I एवं II का संयुक्त रूप से पांच दिवसीय प्रवेश एवं निपुण प्रशिक्षण शिविर का सफल आयोजन किया गया।
3. दिनांक 8 दिसम्बर 2020 को महाविद्यालय की रेंजर्स इकाई प्रथम की निपुण प्रशिक्षण प्राप्त छात्राओं का वाट्सअप ग्रुप बनाकर

राज्यपाल पुरस्कार की तैयारी प्रारम्भ की गयी।

4. दिनांक 05 जनवरी 2021 एवं 12 जनवरी 2021 को राज्यपाल पुरस्कार जाँच शिविर की तैयारी हेतु रेंजर्स प्रशिक्षक श्री बृजेन्द्र झा के निर्देशन में छात्राओं को आवश्यक जानकरियां दी गयी तथा पंजीकरण फार्म भरवाया गया।
5. दिनांक 20 जनवरी 2021 को राज्यपाल पुरस्कार जांच शिविर हेतु रेंजर्स द्वारा भरे फार्म पर प्रभारी रेंजर्स इकाई प्रथम के हस्ताक्षर करके फाइल तैयार किया गया।
6. दिनांक 29.08.2021 को राज्यपाल पुरस्कार जाँच हेतु मेजर ध्यानचन्द स्टेडियम में 03 दिवसीय शिविर में महाविद्यालय की 08 रेंजर्स ने प्रतिभाग किया।
7. दिनांक 11 सितम्बर से 15 सितम्बर 2021 तक महाविद्यालय की 08 रेंजर्स ने राज्य पुरस्कार जांच शिविर में प्रतिभाग किया।
8. महाविद्यालय में आयोजित दिनांक 30 नवम्बर 2021 एवं 24 दिसम्बर 2021 को मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में सभी रेंजर्स ने सक्रिय प्रतिभागिता की।

सत्र : 2021–22

1. दिनांक 18 दिसम्बर 2021 को महाविद्यालय की नवीन छात्राओं रेंजर्स टीम में चयन किया गया।
2. दिनांक 29.8.2021 को राज्यपाल पुरस्कार जांच हेतु मेजर ध्यानचन्द स्टेडियम में 03 दिवसीय शिविर में महाविद्यालय की 08 रेंजर्स ने प्रतिभाग किया।
3. दिनांक 11 सितम्बर से 15 सितम्बर 2021 तक महाविद्यालय की 08 रेंजर्स ने राज्य पुरस्कार जांच शिविर में प्रतिभाग किया।
4. महाविद्यालय में आयोजित दिनांक 30 नवम्बर 2021 एवं 24 दिसम्बर 2021 को मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में सभी रेंजर्स ने सक्रिय प्रतिभागिता की।
5. दिनांक 03 मार्च 2022 से 07 मार्च 2022 तक महाविद्यालय में रेंजर्स का पांच दिवसीय प्रवेश एवं निपुण प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया।

राजकीय महिला महाविद्यालय,
वीरांगना लक्ष्मीबाई रेन्जर टी

HAPPY
NEW
YEAR

© Samsung Triple Camera

राजकीय महिला डिग्री कॉलेज झाँसी उ.प्र

हिला डिग्री कॉलेज झाँसी उ.प्र

लेज, झाँसी उ.प्र